# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, पिथौरागढ।
**DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY PITHORAGARH**
**(Constituted under the Legal Services Authority Act,1987)**

## सफलता की कहानी

## न्यायिक बन्दीगृह में कौशल विकास कार्यक्रम के तहत कैदियों द्वारा की गयी चित्रकारी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पिथौरागढ़ की पहल पर न्यायिक बन्दीगृह, पिथौरागढ़ में **कौशल विकास कार्यकम** के तहत कैदियों द्वारा **चित्रकारी** की गयी।

कौशल विकास योजना के तहत **जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पिथौरागढ** के निर्देशानुसार **न्यायिक बन्दीगृह, पिथौरागढ** में निरूद्ध कैदियों द्वारा बन्दीगृह की दिवारों में **चित्रकारी** कर अपनी कुशलता का परिचय दिया गया। न्यायिक बन्दीगृह के कैदियों को चित्रकारी करने हेतु सामग्री उपलब्ध कराई गयी, जिसमें उन्होंने बन्दीगृह की दिवारों पर विभिन्न प्रकार की सुन्दर चित्रकारी की एवं अपने समय का सद्पयोग किया। कैदियों द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में प्रतिभाग करने हेतु अपनी रूचि दिखाई गई। चित्रकारी की तस्वीरें संलग्न कर प्रेषित की जा रही हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पिथौरागढ़ की इस पहल का कैदियों द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

(विभा यादव),
सिविल जज (सी०डि0)/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
पिथौरागढ़।

Phone No. 05964-228322, E-mail: chairmandlsap@gmail.com

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, पिथौरागढ।
## DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY PITHORAGARH
(Constituted under the Legal Services Authority Act,1987)

## सफलता की कहानी

### पक्षकारों के मध्य मध्यस्थता

सिविल जज (जू0डि0), पिथौरागढ़ न्यायालय द्वारा भूमि विवाद मामले हेमचन्द्र जोशी बनाम शंकर दत्त में मध्यस्थता कराने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पिथौरागढ़ को पत्रावली प्रेषित की गयी। उपरोक्त सम्बन्ध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पिथौरागढ़ के अन्तर्गत मीडिएटर श्री दिनेश चन्द्र पन्त को दिनांक 09–02–2024 को पक्षकारों के मध्य मध्यस्थता हेतु नियुक्त किया गया। मीडिएटर द्वारा दिनांक 27–02–2024 को पक्षकारों के मध्य मध्यस्थता कराई गयी।

मध्यस्थता इस बिन्दु पर सफल हुई कि उभय पक्षकारान आपस में प्रेम से रहेंगे तथा आपस में पूर्ववत भाईचारा रखेंगे। वादगत खेत नम्बर 4697, 4699 सहखाते के खेत है उक्त खेत नम्बर में प्रतिवादी शंकर दत्त के निर्माणाधीन भवन की निर्माण सामग्री पड़ी है, जिसे प्रतिवादी शंकर दत्त अपने मकान के निर्माण होने के उपरान्त हटाकर वादगत खेत को पूर्ववत कर देगा।

अन्त में पक्षकारों ने उनके मामलें में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पिथौरागढ़ द्वारा किये गये मध्यस्थता हेतु आभार व्यक्त किया गया।

(विभा यादव),
सिविल जज (सी0डि0)/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
पिथौरागढ़।

Phone No. 05964-228322, E-mail: chairmandlsap@gmail.com

सफलता की कहानी

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तरकाशी द्वारा निम्नलिखित सफलता की कहानियां–**

माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तरकाशी में श्रीमती नीलम पत्नी श्री प्रदीप कुमार निवासी सुसराल हरियाणा हाल–मायका ग्राम बडेथी तहसील चिन्यालीसौड जिला उत्तरकाशी का पारिवारिक मामला दिनांक 17.11.2023 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तरकाशी के फ्रन्ट कार्यालय में पंहुचा। जिसकी काउंसिलिंग फ्रन्ट कार्यालय द्वारा दिनांक 28.11.2023 व अन्तिम बार दिनांक 05.02.2024 को गई गई। फ्रन्ट कार्यालय के अथक प्रयास से दोनो पति पत्नी साथ रहने को तैयार हुये और दोना पति पत्नी अपना सुखमय दाम्पत्य जीवन निर्वहन करने हेतु साथ रहने के लिये एक साथ अपने घर खुशी–खुशी से चले गये।

2/3/2024

(श्रीमती पमिता बैन्यूली थपलियाल)
रिटेनर अधिवक्ता
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तरकाशी।

## सफलता की कहानियां–

मानतीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तरकाशी के पी0एल0वी0 श्रीमती राजेश्वरी जुयाल विधिक सहायता केन्द्र जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी द्वारा श्रीमती संतोषी ग्राम जसपुर तहसील भटवाडी उत्तरकाशी द्वारा अपने पिता श्री भरत सिह जिनके पेट में दर्द हो रहा था और वे काफी दिनो से ठीक खाना नही खा रहे थे। श्रीमती संतोषी द्वारा अपने पिता श्री भरत सिह को दिनांक 09.02.2204 को जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में लाया गया जहां पर मेरे द्वारा उक्त भरत सिह को चिकित्सक को दिखाया गया और कर चिकित्सक द्वारा आल्टासाउड करने को कहा गया जिस पर मेरे द्वारा उक्त श्री भरत सिह का जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में निःशुल्क आल्टासाउड करवाया गया। उक्त श्री भरत सिह काफी वृद्व व्यक्ति था और वह काफी गरीब व्यक्ति था।

राजेश्वरी

(श्रीमती राजेश्वरी जुयाल)
पराविधिक कार्यकर्त्ता
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तरकाशी।